# Daily Current Affairs

**Date : 15 July, 2025**

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | मेडिकल वैल्यू ट्रेवल पॉलिसी (हील इन राजस्थान पॉलिसी) 2025 |
| 2. | राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) - सदस्य संख्या में वृद्धि |
| 3. | राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024 में संशोधन |
| 4. | विश्व जनसंख्या दिवस (राज्य स्तरीय कार्यक्रम) |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राजस्थान कैबिनेट द्वारा स्वीकृत महाविद्यालयों के नाम परिवर्तन<br>2. राजफेड और राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (NCEL) के मध्य MoU<br>3. 'मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान - हरियाळो-राजस्थान' – ब्लॉक स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम<br>4. अजयमेरू डायबिटीज समिट |
| 6. | ट्रेड वॉच क्वार्टरली : नीति आयोग |
| 7. | सिंचन |
| 8. | शल्यकॉन 2025 |
| 9. | बिम्सटेक पोर्ट सम्मेलन 2025 |
| 10. | विश्व युवा कौशल दिवस |
| 11. | एन्सी सोजन |
| 12. | 10वीं जूनियर राष्ट्रीय रग्बी सेवन चैंपियनशिप 2025 |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 13. | **न्यूज़ इन शॉर्ट्स**<br>1. नाइजीरिया के पूर्व राष्ट्रपति मुहम्मदु बुहारी का निधन<br>2. बुलेट ट्रेन परियोजना<br>3. UPI बना दुनिया का टॉप रियल टाइम पेमेंट सिस्टम<br>4. फौजा सिंह का निधन : धावक<br>5. देश का 75 वां प्रधानमंत्री दिव्यांग केंद्र<br>6. पहली पूर्णतः महिला संचालित डिस्पेंसरी |

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## मेडिकल वैल्यू ट्रेवल पॉलिसी (हील इन राजस्थान पॉलिसी) 2025

### ➲ चर्चा में क्यों?

- राजस्थान को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे के साथ-साथ प्रमुख मेडिकल टूरिज्म हब बनाने के उद्देश्य से हाल ही में राजस्थान मंत्रिमण्डल द्वारा मेडिकल वैल्यू ट्रेवल पॉलिसी (हील इन राजस्थान पॉलिसी) 2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।




### ➲ मुख्य बिंदु :

- यह नीति राजस्थान को सुलभ, किफायती लागत और भरोसेमंद मेडिकल वैल्यू ट्रेवल (MVT) डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करेगी।
- यह नीति स्वास्थ्य और पर्यटन क्षेत्रों को एकीकृत करके आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और वैश्विक ब्रांडिंग को बढ़ावा देगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस नीति के तहत निवेशकों को राजस्थान निवेश संवर्धन योजना (RIPS), राजस्थान औद्योगिक विकास नीति और पर्यटन नीति के तहत प्रोत्साहन उपलब्ध कराये जायेंगे तथा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) और वायबिलिटी गैप फंडिंग (VGF) का भी उपयोग किया जाएगा।

**नीति के फायदे :**

- गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के साथ मेडिकल वैल्यू ट्रेवल (MVT) से जुड़े डिजिटल इकोसिस्टम का विकास सुनिश्चित होगा।
- राजस्थान में स्थित मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित हो सकेंगे।
- पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों ; जैसे - आयुर्वेद, योग, यूनानी, और सिद्ध को बढ़ावा मिलेगा।
- इस पॉलिसी के तहत एक समर्पित MVT सेल की स्थापना की जायेगी तथा MVT सुविधा प्रदाता और सेवा प्रदाताओं को प्रमाणित किया जायेगा।
- पॉलिसी के तहत टेलीमेडिसिन, बायोटेक्नोलॉजी और एप-आधारित डायग्नोस्टिक्स में प्रगति को बढ़ावा दिया जायेगा। साथ ही, टेलीकंसल्टेशन और बहुभाषी हेल्पलाइन सेवाएं स्थापित की जाएगी।

**फैक्टस फॉर प्रीलिम्स :**

- **आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउण्ट (ABHA) :** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के एक भाग के रूप में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 14 अंकों की विशिष्ट संख्या युक्त ABHA ID की शुरुआत की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स के लिए एक केंद्रीकृत रिपोजिटरी बनाना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **डिजिटल स्वास्थ्य मिशन :** स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स को डिजिटाइज करने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार द्वारा 'डिजिटल स्वास्थ्य मिशन' की शुरुआत की गई है।
- **स्वास्थ्य सेवा का अधिकार अधिनियम, 2023 :** राजस्थान के सभी निवासियों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य पहुँच प्रदान करने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवा का अधिकार अधिनियम, 2023 पारित किया गया। इस अधिनियम से राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाएँ अधिक सुलभ, किफायती तथा उत्तरदायी स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हो सकेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) - सदस्य संख्या में वृद्धि

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान मंत्रिमण्डल द्वारा राजस्थान लोक सेवा आयोग में कार्य की अधिकता के दृष्टिगत 3 नवीन सदस्यों के पद सृजित किये जाने का निर्णय लिया गया।

### मुख्य बिंदु :

- 3 नये सदस्यों की नियुक्ति के साथ ही RPSC में सदस्य संख्या 7 से बढ़कर 10 हो जाएगी।
- RPSC में सदस्य संख्या की वृद्धि के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग (सेवा की शर्तें) विनियम, 1974 के विनियम-3 (1) में संशोधन किया जाएगा।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC)**

- राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) एक संवैधानिक संस्था है।
- **संवैधानिक प्रावधान:** संविधान के भाग XIV में अनुच्छेद 315 से अनुच्छेद 323 के तहत राज्य लोक सेवा आयोग (SPSC) की संरचना, उसके सदस्यों की नियुक्ति और निष्कासन तथा SPSC की शक्तियों और कार्यों के बारे में प्रावधान किये गए हैं।
- वर्तमान में RPSC में एक अध्यक्ष एवं सात सदस्य हैं, जिनकी नियुक्ति राजस्थान के राज्यपाल द्वारा की जाती है।
- **त्यागपत्र :** राज्यपाल को संबोधित।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **कार्यकल -** आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य अधिकतम 6 वर्ष अथवा 62 वर्ष की उम्र जो भी पहले हो, के लिए कार्यरत रहते हैं।

**कार्य:**

1. राज्य सेवाओं में नियुक्तियों हेतु परीक्षाएँ आयोजित करता है।
2. कार्मिक प्रबंधन से जुड़े मामलों में सरकार को परामर्श देता है।
3. सिविल सेवाओं में भर्ती की पद्धतियों पर सलाह देता है।
4. नियुक्ति, पदोन्नति और स्थानांतरण के सिद्धांत तय करता है।

**स्थापना से पूर्व की पृष्ठभूमि:**

- वर्ष 1923 में ली कमीशन ने भारत में संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की स्थापना की सिफारिश की थी परंतु प्रांतीय लोक सेवा आयोगों के बारे में कोई सिफारिश नहीं की गई।
- राजस्थान राज्य के गठन के समय 22 रियासतों में से केवल 3 - जयपुर, जोधपुर और बीकानेर में ही लोक सेवा आयोग कार्यरत थे।
- रियासतों के एकीकरण के पश्चात्, 'राजस्थान लोक सेवा आयोग अध्यादेश, 1949' को 20 अगस्त, 1949 को राजपत्र में प्रकाशित किया गया।
- 22 दिसम्बर, 1949 को गजट नोटिफिकेशन प्रकाशित हुआ, इसी दिन को आयोग की स्थापना तिथि माना जाता है।
- प्रारंभ में आयोग में 1 अध्यक्ष और 2 सदस्य नियुक्त किए गए।
- **अध्यक्ष:** सर एस. के. घोष (तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश)
- **सदस्य:** देवीशंकर तिवारी एवं एन. आर. चन्दोरकर।
- **RPSC के वर्तमान अध्यक्ष :** उत्कल रंजन साहू।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024 में संशोधन

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, राजस्थान मंत्रिमण्डल द्वारा राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति-2024 में संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई।**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ➲ मुख्य बिंदु :

- उपर्युक्त नीति में संशोधन के फलस्वरूप ऐसे निवेशक जिन्होंने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत 1000 मेगावाट या उससे अधिक अक्षय ऊर्जा या ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए MoU किए हैं एवं जिनके पास पीपीए अथवा कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं है, उनके द्वारा अक्षय ऊर्जा निगम में भूमि हेतु पंजीयन एवं आवश्यक शुल्क जमा कराए जाने पर राजस्व विभाग को इन परियोजनाओं हेतु मौजूदा प्रावधानों के तहत सेट-अपार्ट की अनुशंसा की जा सकेगी।

### राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024:

- राज्य सरकार द्वारा इस नीति की अधिसूचना 04 दिसंबर, 2024 को जारी की गई।
- **नीति की अवधि:** यह नीति अधिसूचना की तारीख से प्रभावी है और 29 मार्च, 2029 तक या किसी अन्य नीति द्वारा प्रतिस्थापित करने तक लागू रहेगी।

### लक्ष्य:

- नीति का उद्देश्य राज्य में वर्ष 2029-30 तक 1,25,000 मेगावाट (125 गीगावाट) अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

### 125 गीगावाट का विभाजन:

| क्रम | उत्पादन का प्रकार | लक्षित क्षमता |
|---|---|---|
| 1. | सौर (Solar) | 90,000 MW |
| 2. | पवन और हाइब्रिड (Wind & Hybrid) | 25,000 MW |
| 3. | हाइड्रो, पंप स्टोरेज प्लांट (PSP), बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम | 10,000 MW |

- **नोट:** राजस्थान द्वारा परंपरागत एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 54 हजार मेगावाट से अधिक विद्युत क्षमता के लक्ष्य को वर्ष 2031-32 तक प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विश्व जनसंख्या दिवस (राज्य स्तरीय कार्यक्रम)




## ➲ चर्चा में क्यों?

- जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर (RIC) में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

## ➲ मुख्य बिंदु :

- परिवार कल्याण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिले :

| स्थान | जिला |
|---|---|
| प्रथम | बांसवाड़ा |
| द्वितीय | भीलवाड़ा |
| तृतीय | प्रतापगढ़ |
| चतुर्थ | नागौर |
| पंचम | हनुमानगढ़ |

**पंचायत समिति श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त:**

1. मसूदा (अजमेर) – प्रथम स्थान।
2. केकड़ी (अजमेर) – द्वितीय स्थान।
3. प्रतापगढ़ (पंचायत समिति) – तृतीय स्थान।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### ग्राम पंचायत श्रेणी में पुरस्कार:

1. **30 SSW (हनुमानगढ़) – प्रथम स्थान।**
2. **गोपालपुरा (कोटपूतली-बहरोड़) – द्वितीय स्थान।**
3. **गणेशपुरा (बूंदी) – तृतीय स्थान।**
4. **सरड़ा (झालावाड़) – चतुर्थ स्थान।**

- **आशान्वित ब्लॉक श्रेणी: निंबाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) – प्रथम स्थान।**
- **गैर सरकारी संगठन श्रेणी: FRHS इंडिया – प्रथम स्थान।**

### नसबंदी श्रेणी में व्यक्तिगत पुरस्कार:

- **डॉ. मनोज अरोड़ा – सर्वाधिक नसबंदी ऑपरेशन करने वाले सर्जन।**
- **एलएचवी आशा कुमारी वर्मा – नसबंदी के लिए प्रेरित करने हेतु पुरस्कार।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राजस्थान कैबिनेट द्वारा स्वीकृत महाविद्यालयों के नाम परिवर्तन**<br><br>1. **राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओसियां।**<br>**नया नाम: शहीद गोरख राम 'वीरचक्र' राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओसियां।**<br>2. **राजकीय कन्या महाविद्यालय, बुड्ढा जोहड़, रायसिंहनगर।**<br>**नया नाम: राजकीय श्री गुरु जंभेश्वर कन्या महाविद्यालय, बुड्ढा जोहड़, रायसिंहनगर।**<br>3. **राजकीय महाविद्यालय, फतेहपुर।**<br>**नया नाम: मोदीसन राजकीय महाविद्यालय, फतेहपुर।** |


Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 2. राजफेड और राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (NCEL) के मध्य MoU



- हाल ही में, राजस्थान राज्य क्रय-विक्रय सहकारी संघ लिमिटेड (राजफेड) एवं राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (NCEL) के मध्य एक महत्त्वपूर्ण MoU हुआ, जिससे राज्य की सहकारी समितियों के उत्पादों की अब अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच प्राप्त होगी।
- सहकारी समितियों की आय में वृद्धि के दृष्टिगत केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर तीन बहु राज्यीय सहकारी समितियों का गठन किया गया है।
- राजफेड को राज्य सरकार द्वारा इन तीनों समितियों हेतु नोडल एजेंसी नामित किया गया है। पूर्व में राजफेड का भारतीय बीज सहकारी समिति लि. और राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के साथ MoU हो चुका है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **3.** | **‘मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान - हरियाळो-राजस्थान’ – ब्लॉक स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम**<br>♦ दुन्दाड़ा (जोधपुर) से संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल द्वारा ‘मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान - हरियाळो-राजस्थान’ के ब्लॉक स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। |
| **4.** | **अजयमेरू डायबिटीज समिट**<br><br>♦ डायबिटीज के प्रभावी और नवीनतम उपचार की दिशा में उल्लेखनीय पहल करते हुए अजयमेरू डायबिटीज सोसाइटी एवं डायबिटीज एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अजयमेरू डायबिटीज समिट का आयोजन किया गया।<br>♦ **थीम :** रिबूट एंड रिवर्स-ए 360 डिग्री न्यू फॉर स्मार्टर डायबिटीज मैनेजमेंट। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## ट्रेड वॉच क्वार्टरली : नीति आयोग

### चर्चा में क्यों?

- नीति आयोग ने 14 जुलाई, 2025 को नई दिल्ली में वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के लिए "ट्रेड वॉच क्वार्टरली" पुस्तिका के तीसरे संस्करण का विमोचन किया।




### मुख्य बिंदु :

- इस तिमाही के संस्करण का विषयगत केंद्र बिंदु उभरती अमेरिकी व्यापार और टैरिफ संरचनाएँ तथा भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता पर उनका प्रभाव हैं।
- वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2024) में भारत के व्यापार निष्पादन ने भू-राजनीतिक अस्थिरता के मध्य सतर्क गतिशीलता प्रदर्शित की।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में व्यापारिक निर्यात 3 प्रतिशत (108.7 बिलियन डॉलर तक) बढ़ा, जबकि आयात में 6.5 प्रतिशत (187.5 बिलियन डॉलर तक) की वृद्धि हुई।
- सेवा निर्यात में 17 प्रतिशत की वृद्धि से घाटे के अंतर को कम करने में मदद की, जिसने वैश्विक सेवा अर्थव्यवस्था में भारत की बढ़ती शक्ति को रेखांकित किया।
- निर्यात संरचना स्थिर बनी हुई है और कुछ उत्पाद जैसे- विमान, अंतरिक्ष यान और पुर्जे 200 प्रतिशत से अधिक की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ शीर्ष दस निर्यातों में शामिल हो गए हैं।
- भारत वर्ष 2024 में 269 बिलियन डॉलर के डिजिटल तरीके से डिलीवर की गई सेवाओं (DDS) के निर्यात के साथ विश्व के पाँचवें सबसे बड़े निर्यातक के रूप में स्थान पर रहा।

UTKARSH CIVIL SERVICES


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सिंचन

## ➲ चर्चा में क्यों?

- 14 जुलाई, 2025 को ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (THSTI) ने अपने वार्षिक उद्योग-व्यवसाय सम्मेलन सिंचन, 2025 के दूसरे संस्करण का आयोजन किया।




## ➲ मुख्य बिंदु :

- इस कार्यक्रम के दौरान "इंसाइट्स इनटू ट्रांसलेशनल साइंस" सत्र के एक प्रमुख खंड में THSTI के साथ चल रहे उद्योग सहयोग को प्रदर्शित किया गया।
- इस कार्यक्रम में "उद्योग-अकादमिक सहयोग में चुनौतियाँ और अवसर" पर एक गतिशील पैनल भी शामिल था, जहाँ उद्योग जगत के प्रमुख व्यक्तियों ने उत्पाद व्यावसायीकरण, मूल्य निर्धारण तथा संस्थागत अनुसंधान एवं विकास पर विशेष ध्यान देते हुए अंतर्दृष्टि का आदान-प्रदान किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- "डीप टेक इकोसिस्टम के महत्त्व पर राष्ट्रीय एवं वैश्विक परिप्रेक्ष्य" विषय पर आयोजित सत्र में अनुसंधान को वाणिज्यिक परिणामों के साथ जोड़ने पर चर्चा की गई, जिसमें सार्वजनिक संस्थानों में व्यावसायीकरण तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (THSTI) :**

- यह जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान एवं नवाचार परिषद (ब्रिक), जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार का एक संस्थान है।
- यह NCR बायोटेक साइंस क्लस्टर, फरीदाबाद का एक हिस्सा है। यह संस्थान क्लस्टर के अंतःविषयक परिवेश का एक अभिन्न अंग है और स्वास्थ्य विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में नवीन अनुवादात्मक अनुसंधान में संलग्न है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# शल्यकॉन 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?

- 14 जुलाई, 2025 को आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA) के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन 'शल्यकॉन 2025' का उद्घाटन किया।




## ➲ मुख्य बिंदु :

- **विषय :** "नवाचार, एकीकरण और प्रेरणा"।
- **आयोजक :** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA) के शल्य तंत्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय सुश्रुत संघ के सहयोग से आयोजित किया गया।
- इस कार्यक्रम में भारत तथा नेपाल और श्रीलंका के विद्वानों, आयुर्वेदिक विशेषज्ञों और शल्य चिकित्सकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और छात्रों समेत 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **कार्यक्रम के दौरान 13 और 14 जुलाई को लाइव सर्जिकल प्रदर्शन आयोजित किए गए, जिनमें 10 लेप्रोस्कोपिक/एंडोस्कोपिक प्रक्रियाएँ और 16 एनोरेक्टल सर्जरी सफलतापूर्वक की गईं।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA) :**

- **ऐसा पहला संस्थान जिसकी स्थापना एम्स की तर्ज पर की गई है।**
- **इसे प्रधानमंत्री ने 17 अक्टूबर, 2017 को दूसरे आयुर्वेद दिवस पर नई दिल्ली में राष्ट्र को समर्पित किया था।**
- **यह NABH मान्यता प्राप्त तृतीयक स्वास्थ्य सेवा अस्पताल और स्नातकोत्तर प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र है।**
- **यह भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के तहत् नई दिल्ली में स्थित हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## बिम्सटेक पोर्ट सम्मेलन 2025

### चर्चा में क्यों?

- **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा 14 से 15 जुलाई, 2025 को विशाखापत्तनम में बिम्सटेक बंदरगाह सम्मेलन, 2025 के दूसरे संस्करण की मेज़बानी की गई।**




### मुख्य बिंदु :

- **सम्मेलन का विषय : एक खाड़ी, एक दृष्टि, एक मिशन तथा 'भविष्य की दिशा तय करना : ब्ल्यू इकोनॉमी, नवाचार और सतत् साझेदारी'।**
- **सम्मेलन का उद्देश्य : क्षेत्रीय समुद्री सहयोग को बढ़ाना और बंगाल की खाड़ी में संपर्क, व्यापार और सतत् विकास के नए आयाम स्थापित करना।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस कार्यक्रम में बिम्सटेक सदस्य देशों - बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल, बंदरगाह प्राधिकरण, समुद्री विशेषज्ञ और व्यापारियों ने भाग लिया।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- भारत ने "रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म" की त्रिस्तरीय रणनीति के माध्यम से बंदरगाह क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए।
- भारत का बासेल टर्नअराउंड टाइम घटकर कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जर्मनी जैसे विकसित देशों से बेहतर है।
- कंटेनराइज्ड कार्गो हैंडलिंग में 70 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, जो 2024 में 79 लाख 20 फीट लंबे कंटेनर से बढ़कर 2025 में 1.35 करोड़ TEUS हो गया।
- भारत विश्व का पाँचवाँ सबसे बड़ा सीफेयरिंग राष्ट्र हैं, जो वैश्विक स्तर पर 15 फीसदी योगदानकर्त्ता है।
- माल ढुलाई क्षमता भी पिछले दशक में दोगुनी हो गई है। समुद्री पर्यटन में भी भारत ने 500 फीसदी की वृद्धि दर्ज की।
- सार्वजनिक-निजी भागीदारी को प्रोत्साहन से भारत ने निवेश में 3.5 गुना वृद्धि तथा प्रमुख बंदरगाहों पर कार्गो हैंडलिंग में 60 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।
- भारत ने 'सागरमाला' कार्यक्रम के तहत् अवसंरचना विकास और "वन नेशन, वन पोर्ट प्रोसेस" पहल के ज़रिए सभी प्रमुख बंदरगाहों में संचालन प्रक्रियाओं को एकरूप किया जा रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्वपूर्ण दिवस

## विश्व युवा कौशल दिवस

### चर्चा में क्यों?

- प्रति वर्ष 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस मनाया जाता है।




### मुख्य बिंदु :

- **2025 की थीम :** 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तीकरण'।
- 15 जुलाई 2025 को विश्व युवा कौशल दिवस (WYSD) की 10वीं वर्षगाँठ और वैश्विक कौशल अकादमी (GSA) की 5वीं वर्षगाँठ हैं।
- वर्ष 2014 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने युवाओं को रोजगार, अच्छे कार्य और उद्यमिता के लिए कौशल से लैस करने के रणनीतिक महत्त्व को मनाने के लिए 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में घोषित किया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **उद्देश्य :** युवाओं में कौशल विकास को प्रोत्साहित करना और उन्हें रोजगार, उद्यमिता व आत्मनिर्भरता के लिए तैयार करना।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**भारत में कौशल विकास से संबंधित प्रमुख पहलें :**

- **स्किल इंडिया मिशन :**
  - इससे वर्ष 2015 में केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) के तहत् शुरू किया गया था।
  - यह केंद्रीय क्षेत्रक की योजना है।
  - यह उद्योग-संचालित प्रशिक्षण और उद्यमिता विकास पर केंद्रित है।
  - **उद्देश्य :** प्रत्येक वर्ष 1 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण देना।
- **प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) :**
  - इसे वर्ष 2015 में विभिन्न ट्रेडों में अल्पकालिक प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करने वाली एक प्रमुख योजना के रूप में शुरू किया गया था।
- **STRIVE (औद्योगिक मूल्य संवर्द्धन के लिये कौशल सुदृढ़ीकरण) :** इसका उद्देश्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI) और प्रशिक्षुता के माध्यम से प्रदान किये जाने वाले कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं प्रासंगिकता में सुधार लाना।
- **दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (DDU-GKY) :**
  - एक कौशल विकास कार्यक्रम है।
  - यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्द्धन योजना (NAPS) :** यह उद्योगों और MSME में प्रशिक्षण हेतु वर्ष 2016 में लॉन्च किया गया था।
- **राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) :** सार्वजनिक-निजी सहयोग राष्ट्रव्यापी कौशल पहलों को क्रियान्वित करने हेतु वर्ष 2008 में स्थापित की गई।
- **SANKALP (आजीविका संवर्द्धन के लिये कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता) :** यह भारत सरकार द्वारा संस्थानों को सुदृढ़ करने, बाज़ार संपर्क बढ़ाने और कौशल विकास पहलों में समाज के सीमांत वर्गों को शामिल करने हेतु शुरू की गई।
- **प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना ;** बढ़ई, बुनकर और लोहार जैसे पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों के कौशल उन्नयन हेतु वर्ष 2023 में शुरू की गई।
- **प्रधानमंत्री कौशल केंद्र :** IITs, NITs, जवाहर नवोदय विद्यालय (JNVs), CIPET जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में कौशल केंद्र स्थापित किए गए हैं।
- **अन्य योजनाएँ :** प्रधान मंत्री युवा योजना (PM YUVA), पी.एम. सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना, नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, नल जल मित्र आदि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## खेल परिदृश्य

## एन्सी सोजन

### चर्चा में क्यों?

- 13 जुलाई, 2025 को इटली के लिग्नानो सब्बियाडोरो में आयोजित विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर प्रतियोगिता में लॉन्ग जम्प (6.36 मीटर) स्पर्धा में भारत की एन्सी सोजन ने तीसरा स्थान हासिल किया।



### मुख्य बिंदु :

- पदक

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्वर्ण पदक | डेल्टा अमिडज़ोव्स्की | ऑस्ट्रेलिया | 6.47 मीटर लॉन्ग जम्प |
| रजत पदक | डेनियल नोल्टे | दक्षिण अफ्रीका | 6.44 मीटर लॉन्ग जम्प |
| कांस्य पदक | एन्सी सोजन | भारत | 6.36 मीटर लॉन्ग जम्प |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **एन्सी सोजन का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6.71 मीटर है, जो सितम्बर, वर्ष 2025 में बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में दर्ज किया था।**

- **एन्सी वर्तमान में रोड टू टोक्यो 25 में अंतिम स्थान पर है, जो 2025 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए योग्यता रैंकिंग है।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु**

**विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर :**

- **आयोजन : भारत 10 अगस्त, 2025 को कलिंगा स्टेडियम, ओडिशा में पहली बार विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (कांस्य स्तर) की मेजबानी करेगा।**

- **भागीदार : 10 से अधिक देशों के 150 से अधिक एथलीट 20 स्पर्धाओं में भाग लेंगे।**

- **आयोजक : एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI)।**

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 10वीं जूनियर राष्ट्रीय रग्बी सेवन चैंपियनशिप 2025

## चर्चा में क्यों?

- **हाल ही में, देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित 10वीं जूनियर राष्ट्रीय रग्बी सेवन चैंपियनशिप का अंडर-18 बालक-बालिका वर्ग का दोहरा खिताब बिहार ने जीता।**




## मुख्य बिंदु :

- **जूनियर राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप 2025 में 27 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की टीमों ने हिस्सा लिया था।**
- **इसमें बिहार की बालक वर्ग की टीम ने फाइनल में गत विजेता ओडिशा को हराकर ट्रॉफी जीती।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- बिहार, पूरे टूर्नामेंट में चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र पर जीत दर्ज की।
- महाराष्ट्र तीसरे और दिल्ली की टीम चौथे स्थान पर रही।
- बिहार ने इसी सप्ताह अंडर-18 बालिका वर्ग का खिताब भी जीता था, जिसका फाइनल 9 जुलाई, 2025 को रजत जयंती खेल परिसर के गंगा एथलेटिक्स स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेला गया।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- बिहार ने इस साल खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भी ओडिशा को 14-12 से हराया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **नाइजीरिया के पूर्व राष्ट्रपति मुहम्मदु बुहारी का निधन**<br><br>♦ 14 जुलाई, 2025 को नाइजीरिया के पूर्व राष्ट्रपति मुहम्मदु बुहारी का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया।<br>♦ मुहम्मदु बुहारी ने वर्ष 2023 तक अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश नाइजीरिया का नेतृत्व किया।<br>♦ इन्होनें दो बार सैन्य प्रमुख और एक लोकतांत्रिक राष्ट्रपति के रूप में नाइजीरिया का नेतृत्व किया।<br>♦ वर्ष 2015 में बुहारी जब चौथी बार राष्ट्रपति चुने गए, तो वह राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले पहले विपक्षी उम्मीदवार बने। |

## 2. बुलेट ट्रेन परियोजना



- बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत् महाराष्ट्र में घनसोली और शिलफाटा के मध्य समुद्र के नीचे 21 किलोमीटर लंबी सुरंग का पहला खंड खोला गया।
- भारत-जापान साझेदारी के तहत् अगली पीढ़ी की E10 शिंकानसेन ट्रेन मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन में शामिल होगी।
- **रोलिंग स्टॉक :** जापान में तेज़ गति वाली रेलवे लाइनों के नेटवर्क शिंकानसेन में अभी में E5 ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसकी अगली पीढ़ी की उन्नत ट्रेन E10 हैं। जापान और भारत के बीच महत्त्वपूर्ण साझेदारी के तहत् जापान की सरकार ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में E10 शिंकानसेन ट्रेन चलाने पर सहमति व्यक्त की है।
- **जापानी तकनीक :** बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत् समूचे 508 किलोमीटर लंबे गलियारे को जापानी शिंकानसेन तकनीक से विकसित किया जा रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 3. UPI बना दुनिया का टॉप रियल टाइम पेमेंट सिस्टम




- भारत के संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के अनुसार यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) दुनिया का शीर्ष रियल टाइम पेमेंट सिस्टम बन चुका है।
- UPI आँकड़ों के अनुसार, 650.26 मिलियन डेली ट्रांजैक्शन काउंट के साथ UPI ने वीजा को भी पीछे छोड़ दिया है।
- वर्तमान में UPI का उपयोग 8 देशों में हो रहा हैं, जिसमें सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), फ्रांस, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, मॉरीशस और त्रिनिदाद एंड टौबेगो शामिल हैं।
- **यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) :** इसकी शुरुआत वर्ष 2016 में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा की गई थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 4. फौजा सिंह का निधन : धावक



- हाल ही में, विश्व प्रसिद्ध एथलीट और सबसे उम्रदराज (114 वर्षीय) मैराथन धावक फौजा सिंह का सड़क हादसे में निधन हो गया।
- इनका संबंध पंजाब के जालंधर से था।
- फौजा सिंह विश्व के पहले 100 वर्षीय मैराथन धावक बने। जिन्होनें 100 वर्ष की आयु में वर्ष 2011 में टोरंटो मैराथन को 8 घंटे, 11 मिनट और 6 सेकंड में पूरा कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

## 5. देश का 75 वां प्रधानमंत्री दिव्यांग केंद्र




- दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को एक ही छत के नीचे एकीकृत सेवाएँ प्रदान करने के लिए 14 जुलाई, 2025 को उत्तर प्रदेश के बदायूं में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 75वें प्रधानमंत्री दिव्यांग केंद्र (PMDK) का उद्घाटन किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 6. पहली पूर्णतः महिला संचालित डिस्पेंसरी



- महिला सशक्तीकरण की दिशा में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL) मुख्यालय बिलासपुर में महिला संचालित वसंत विहार डिस्पेंसरी का औपचारिक उद्घाटन किया गया। कोल इंडिया की यह पहली डिस्पेंसरी है, जो पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित है।
- यह पहल कोयला क्षेत्र में महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है। वसंत विहार डिस्पेंसरी पूर्णतः 14 सदस्यीय महिला टीम द्वारा संचालित होगी, जिसमें डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट और सहायक कर्मचारी शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR